# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

## विज्ञापन

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली की **रिसर्च इंटीग्रिटी यूनिट** में **युवा पेशेवर-II** के पद (1 पद) को भरने **के लिए निम्नलिखित योग्यता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू** में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर-II** |
| | रिक्तियों की संख्या | 1 |
| | तैनाती का स्थान | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली। |
| | समेकित वेतन | रू 42,000-/ प्रति माह। |
| | आयु सीमा | अधिकतम 40 वर्ष। |
| | अनिवार्य अर्हकता | जैवसांख्यिकी/सांख्यिकी/जनसांख्यिकी/जनसंख्या अध्ययन/ जन स्वास्थ्य/चिकित्सा समाजशास्त्र/मानवविज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर के साथ संबंधित क्षेत्र में अर्हकता प्राप्ति के बाद 1 वर्ष का अनुभव। |
| | वांछनीय अर्हकता | • पांडुलिपि और अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने में गहन वैज्ञानिक लेखन दक्षता।<br>• प्रथम या संबद्ध लेखक के रूप में साइंस साइटेशन इंडेक्स्ड (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक/दो प्रकाशन। |
| | कार्य की प्रकृति | • पांडुलिपियों की समीक्षा करना और *रिसर्च इंटीग्रिटी* एवं *पब्लिकेशन एथिक्स* से संबंधित मामलों का निपटान करना।<br>• हितधारकों की बैठकों, समीक्षाओं और परामर्शों के लिए प्रस्तुतियों और सारांशों की तैयारी में सहयोग करना।<br>• सौंपे जाने वाले अन्य कार्य। |
| | कार्यकाल | 26 मार्च, 2026 तक, संभवतः विस्तारित किया जाएगा। |

**नोट:**

- सभी शैक्षिक अर्हकताएँ/प्रमाण-पत्र मान्यता-प्राप्त बोर्ड/विश्विद्यालयों से हों।
- न्यूनतम शैक्षिक अर्हकता के पश्चात प्राप्त किए गए कुल अनुभव को वैध माना जाएगा।
- अनुभव प्रासंगिक विषय/कार्य-क्षेत्र से हो।

**आवेदन कैसे करें:**

- उपर्युक्त पात्रता को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार **दिनांक 13 फरवरी, 2026** को **परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली** में आयोजित होने वाले **वॉक-इन-इंटरव्यू** में उपस्थित रहें। इच्छुक उम्मीदवार **निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक- क)** में विधिवत रूप से भरे हुए आवेदनों के साथ **विस्तृत बायो-डाटा/सीवी** और विधिवत रूप से **स्व-सत्यापित** अन्य अनिवार्य सहायक दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित रहें।
- अपनी शैक्षिक अर्हकताओं (दसवीं से आगे की सभी अंक-तालिकाएं और प्रमाण-पत्र), कार्य-अनुभव, आयु, जाति प्रमाण-पत्र (जहाँ लागू हों) और फोटो पहचान-पत्र (आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस) आदि के साक्ष्य साक्षात्कार के समय देने होंगे, ऐसा करने में असफल रहने वालों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।
- सफल उम्मीदवारों की उम्मीदवारी परिषद द्वारा मूल दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगी और अर्हकता, आयु और अनुभव आदि से संबंधित सभी पहलुओं में अपेक्षित मानदंड पूरे करने होंगे।

**निबंधन एवं शर्तें:-**

1. आवेदन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-क) के अनुसार होना चाहिए। उम्मीदवार के द्वारा आवेदन में सबसे ऊपर पद एवं परियोजना का नाम लिखा हुआ होना चाहिए।
2. इच्छुक उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए अपना पंजीकरण परिषद मुख्यालय में **13 फरवरी, 2026 को प्रातः 9:30 बजे तक** करवाना होगा। वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन **13 फरवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे से** किया जाएगा।
3. उपर्युक्त पद का कार्यस्थल परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली है।
4. सभी पदों को आरंभ में 1 वर्ष के लिए भरा जाएगा और कार्य-निष्पादन के आधार पर विस्तार किया जा सकता है। हालाँकि, असंतोषजनक कार्य-निष्पादन, दुर्व्यवहार आदि की स्थिति में अनुबंध को पहले भी समाप्त किया जा सकता है।
5. नियुक्ति के दौरान एक माह की नोटिस अवधि को पूरा करने के बाद किसी पक्ष से किसी भी समय नियुक्ति को समाप्त किया जा सकता है।
6. यहाँ यह उल्लेख किया जाता है कि अपूर्ण आवेदनों, निर्धारित प्रारूप में जमा न किए गए आवेदनों और बिना सहयोगी दस्तावेजों वाले आवेदनों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

7. अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य अर्हकता पूरी करने की तारीख से की जाएगी।
8. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा की प्रक्रिया के दौरान गलत या मिथ्या जानकारी देना किसी भी चरण में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर देगा।
9. परिषद आवश्यकतानुसार पदों की संख्या को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
10. चूंकि पद पूर्ण रूप से अस्थाई आधार पर है, भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि का कोई लाभ स्वीकार नहीं किया जाएगा।
11. आयु में छूट परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएगी।
12. आयु-सीमा और अनुभव, आवेदन को जमा करवाने की अंतिम तारीख़ से माना जाएगा।
13. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
14. अनिवार्य अर्हकता/अनुभव को केवल पूरा करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
15. सरकारी विभागों/संगठनों में पहले से ही नियमित/स्थाई पदों पर कार्यरत उम्मीदवार आवेदन के पात्र नहीं हैं।
16. उपर्युक्त पद पूर्णतः अस्थाई/संविदा आधार पर भरा जाना है और उम्मीदवार का परिषद के अंतर्गत किसी भी प्रकार के स्थाई/नियमित नियोजन पर या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
17. छंटनी के पश्चात पात्र उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, छंटनी के एक मानदंड का प्रयोग या एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा सकता है। लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।
18. परिषद बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने और/या विज्ञापन को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा किसी भी प्रकार के पत्राचार/सिफ़ारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।
19. छंटनी करने के लिए या नियोजन प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का आंतरिक या बाहरी प्रभाव डलवाना अयोग्यता माना जाएगा, और उम्मीदवार को भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।
20. साक्षात्कार की तारीख को बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
21. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से सभी मूल प्रमाण-पत्र साथ लाने होंगे- (1) शैक्षिक अर्हकता, (2) जन्म-तिथि का प्रमाण-पत्र (3) अनुभव के प्रमाण-पत्र/प्रशंसा-पत्र, संक्षिप्त सीवी, और प्रकाशनों की एक सूची (4) हाल ही का एक स्व-सत्यापित पासपोर्ट साइज़ का छायाचित्र (5) पहचान-पत्र (आधार/पैन/मतदाता पहचान-पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) (6) सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों का एक सेट (7) एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्लूएस प्रमाण-पत्र (जहां लागू हो) (8) वॉक-इन-इंटरव्यू/ व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा के समय उम्मीदवार को सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाण-पत्र/प्रशंसा-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
22. कार्यभार ग्रहण करने के समय मूल प्रमाण-पत्र लाने में असफल रहने वाले उम्मीदवारों को चयनित पद पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्धारित

तारीख़/समय के बाद आने वाले उम्मीदवारों को भी व्यक्तिगत चर्चा /साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

23. उपर्युक्त रिक्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र परिषद की वेबसाइट https://main.icmr.nic.in/ पर जारी किया जाएगा तथा प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से परिषद की वेबसाइट देखें।

(वेद प्रकाश)
प्रशासन अधिकारी
परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली